हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 20 दिसंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

12 दक्ष खेल भावना से आईपीएल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे : डॉ. गुप्ता



12 निरंकारी भवन रोड पर दोनों रेलवे क्रोसिंग पर बनेंगे ब्रिज



## खबर संक्षेप

### गुजवि में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में एआईसीटीई से अनुमोदित कार्यक्रमों के संकाय सदस्यों के लिए सीआरएस सभागार के सेमिनार हॉल-2 में 'एआईसीटीई अनुमोदित कार्यक्रमों के लिए एनईपी-2020 के क्रियान्वयन' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इंदिरा गांधी दिल्ली तकनीकी महिला विश्वविद्यालय, दिल्ली के शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रो. अरुण कुमार कार्यशाला में मुख्य विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

### मय्यड़ में जिला क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप कल

**हिसार।** एथलेटिक्स हिसार के तत्वावधान में 21 दिसम्बर को गांव मय्यड़ स्थित राजीव गांधी खेल स्टेडियम में जिला क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में जिले भर के लड़के और लड़कियां विभिन्न आयु वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। एथलेटिक्स हिसार के महासचिव मनोज कड़वासरा और वरिष्ठ सह सचिव राजू कनोह ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि इस चैंपियनशिप के आधार पर हिसार की टीम का चयन किया जाएगा।

### कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ 24 को सीएम के नाम सौंपेगा ज्ञापन

**हिसार।** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित हरियाणा पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ के प्रदेश संगठन मंत्री विक्रम ने बताया कि सरकार हरियाणा पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटरों की मांगों के समाधान को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनवरी 2025 में बहादुरगढ़ और रोहतक रैली में सीपीएलओ कर्मचारियों की मांगों के समाधान को लेकर आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक मांगों के समाधान को लेकर कोई कदम नहीं उठाया है। इसको लेकर 24 दिसंबर को सभी जिला मुख्यालयों पर भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में संगठन द्वारा उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### गुरुकुल में काकोरी कांड के शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**हिसार।** धीरणवास के गुरुकुल में काकोरी कांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम आजाद हिन्द युवा क्लब गांव किरतान एवं धीरणवास गुरुकुल के सहयोग से किया गया। इस दौरान शहीदों के चित्र पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य वक्ता किरतान से वैदिक प्रवक्ता आचार्य देवदत्त शास्त्री थे। उन्होंने काकोरी कांड में देशभक्तों को दी गई फांसी के बारे में बताया। कार्यक्रम में सुरेंद्र आर्य, कैप्टन सुबे सिंह आर्य, महेंद्र सिंह आर्य, जयसिंह सिंह आर्य, तेलूराम आर्य आदि मौजूद रहे।

## बरवाला पुलिस ने आरोपी को एक दिन पहले किया था गिरफ्तार

# पेशी पर लाया गया चोरी का आरोपी दीवार फांदकर फरार

**आरोपी ने पहले एक मंजिल से लगाई छलांग, फिर अदालत के गेट से भागने के बजाय लगभग 10 फुट ऊंची दीवार से कूदा**

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

यहां की अदालत में पेशी के लिए लाया गया एक आरोपी शुक्रवार को अदालत की दीवार फांदकर फरार हो गया। उसे बरवाला पुलिस चोरी के एक मामले में अदालत में पेश करने लाई थी। फरार हुए आरोपी की तलाश में पुलिस की विभिन्न टीमें लगी है लेकिन अभी उसका पता नहीं चल पाया है।

बताया जा रहा है कि आरोपी ने अदालत के गेट से भागने के बजाय लगभग 10 फुट ऊंची दीवार से छलांग लगाई और फरार हो गया। आरोपी के फरार होने की सूचना के बाद पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है। सीआईए-1 पुलिस टीम पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस हिरासत से भागे आरोपी की पहचान गांव गैबीपुर निवासी विशाल के रूप में हुई है। विशाल पर बरवाला में एक दुकान पर बिजली के तार चोरी करने के आरोप हैं।

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी विशाल को पुलिस अदालत में पेश करने पहुंची थी। यहां जब वह अदालत रुम के बाहर पहुंचे तो उसने अचानक पुलिस ने अपना हाथ छुड़वा लिया। इसके बाद सीढ़ियां उतरने की बजाय, वह 10 फीट ऊंचाई से नीचे कूदा। यहां से 50 कदम दूर दौड़कर पहुंचा और दूसरी दीवार से छलांग कर बाहर भाग निकला। कोर्ट की दीवार फांदकर पार्किंग के रास्ते सेक्टर 15 की तरफ भाग गया। चोरी के केस में पुलिस ने उसे गुरुवार को गिरफ्तार किया था और शुक्रवार को अदालत में पेश करने के लिए लेकर आई थी। जहां चोर 10 फुट ऊंची दीवार फांदकर फरार हो गया, वहीं पुलिस को मेन गेट से पार्किंग में आने पर समय लग गया। इसका फायदा उठाकर चोर सेक्टर-15 की तरफ भाग निकला। पुलिस पार्किंग में पहुंची।




**हिसार।** अदालत परिसर में मुख्य गेट। *फोटो : हरिभूमि*

### दुकान से चुराए थे बिजली के तारों के बंडल

पुलिस के अनुसार दीवार फांद कर भागने वाला आरोपी गांव गैबीपुर निवासी विशाल है। विशाल पर 18 दिसंबर को चोरी का एक केस दर्ज हुआ था। इसको लेकर बरवाला अनाज मंडी निवासी सुरेंद्र कुमार ने पुलिस में शिकायत दी थी। शिकायत में सुरेंद्र कुमार ने बताया कि उसकी दुकान अग्रोहा रोड नजदीक राजमल बरवाला के पास है जो अभी निर्माणाधीन है जिसमे अब बिजली फिटिंग का काम चल रहा है। शिकायतकर्ता सुरेंद्र ने बताया कि 15 दिसंबर को उसकी निर्माणाधीन दुकान में 18 बंडल बिजली की तार जिसमे 8 बंडल बंद थे और 10 खुले थे, चोरी हो गए। जब वह 16 दिसंबर को सुबह करीब 9 बजे निर्माणाधीन दुकान पर आया व सामान देखा तो 18 बंडल बिजली के तार गायब मिले। गुरुवार को पता चला कि विशाल ने उसकी निर्माणाधीन दुकान में करीब दो से तीन महीने पहले काम किया था वह उसकी दुकान पर आया था। सुरेंद्र ने बताया था कि विशाल ने ही उसकी दुकान से बिजली के तार चोरी किए हैं। इससे पहले उसकी दुकान से एक पानी कि मोटर ओरियंट कंपनी से चोरी हुई थी। उस समय भी विशाल उसकी दुकान पर काम करता था।



● आरोपी के फरार होने की सूचना के बाद पुलिस को किया अलर्ट

अदालत परिसर से फरार हुआ आरोपी विशाल।

### पार्किंग में सीसीटीवी कैमरे मिले बंद

*पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज निकालने के लिए पार्किंग संचालक को कहा तो उसने कहा कि उसके कैमरे की वायर खराब है और कैमरा बंद पड़ा है। पुलिस ने इसके बाद उच्च अधिकारियों को मामले से अवगत करवाया। इसके बाद सीआईए वन को जांच सौंप दी है। सीआईए की टीम चोर के पीछे लगी है।*

# पुलिस हिरासत में युवक की मौत

- 22 जुलाई की रात को मंगाली चौकी में हुई थी मौत
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में 22 चोटों का हवला देकर मृतक के पुत्र ने न्यायिक जांच से भी जताई असंतुष्टि

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

निकटवर्ती मंगाली गांव की पुलिस चौकी में करीब पांच माह पूर्व बंद किए गए एक व्यक्ति का शव हवालात में मिलने की संदिग्ध पुलिस हिरासत में मौत के मामले में अब मृतक के पिता ने सदर थाना प्रभारी और पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर तीन पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने की मांग की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में 18 चोटों का हवाला देते हुए उन्होंने न्यायिक जांच से भी असंतुष्टि जताई है। मृतक व्यक्ति की पहचान मंगाली झारा गांव निवासी 48 वर्षीय संजय कांटीवाल के रूप में हुई थी जो 22 जुलाई को चौकी की हवालात में रखा गया था और सुबह मृत मिला था। मृतक के पुत्र अमित ने अपनी शिकायत में एएसआई राकेश, सिपाही दीपक व एसपीओ सुरेश कुमार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 व एससीएसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पुलिस को दी शिकायत में अमित ने बताया कि उसके पिता संजय 22 जुलाई की रात को शराब के नशे में उसकी मां से झगड़ा किया तो उसकी मां ने डायल 112 की टीम को फोन किया। बाद में पुलिस टीम मौके पर आई और उसके पिता को ले। गई बाद में मंगाली चौकी की हवालात में बंद कर दिया। बुधवार सुबह पुलिसकर्मी हवालात पहुंचे तो उसका पिता मृत हालत में मिला था। मामले की सूचना मिलने के बाद काफी ग्रामीण पुलिस चौकी के पास पहुंचे और उन्होंने पुलिस कर्मचारियों को संजय की मौत के लिए दोषी ठहराया।

### परिवार के सदस्य जांच से संतुष्ट

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके पिता संजय के शरीर पर 23 चोटें पाई गई जिसमें से एक चोट सात-आठ दिन पुरानी और बाकी 22 चोटें 12 घंटे के दौरान की बताई गई और मौत का कारण चोटें भी बताई और सभी मौत से पहले की थी। उन्होंने कहा कि इस मामले में 29 सितंबर को न्यायिक जांच की रिपोर्ट दी गई जिसमें किसी को भी हत्या के लिए दोषी नहीं ठहराया गया, इसलिए वह इस रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि जब उसके पिता को मंगाली चौकी की हवालात में डाला गया था तो इस बारे में लिखी रपट पर उसके पिता के शरीर पर एक भी चोट का जिक्र नहीं किया गया। यदि कोई चोटें होती तो पुलिस कर्मचारी उसके पिता को अस्पताल में दाखिल करवाते। इसी प्रकार न्यायिक जांच में जिस भी गवाह ने अपने बयान दर्ज करवाए, उनमें से किसी ने यह नहीं कहा कि उसके पिता को जब चौकी में लाया गया था तो उसको कोई चोट लगी हुई थी। उन्होंने कहा कि एसपीओ संजय ने अपनी गवाही में कहा कि उसके पिता रात 10:30 बजे खर्राटे मारकर सो रहा था जबकि किसी व्यक्ति के सिर सहित कई हिस्सों पर 22 चोटें लगी हो तो वह खर्राटे माकर कैसे सो सकता है।

### एसपी ने किया जिला न्यायवैदिक विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने सदर थाना परिसर में नव-स्थापित जिला न्यायवैदिक विज्ञान प्रयोगशाला का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर डिप्टी डायरेक्टर कम इंचार्ज, रिजनल फॉरेंसिक साइंस लैब हिसार डॉ. अजय तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी कम इंचार्ज डीएफएसएल डॉ. पूनम कत्याल विशेष रूप से उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि जिला स्तर पर डीएफएसएल की स्थापना से हिसार पुलिस की अनुसंधान कार्यशैली में तकनीकी व वैज्ञानिक दृष्टिकोण से एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ा है।

## खेत मजदूर यूनियन हिसार ने गांव ढाड में विधेयक की जलाई प्रतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭बरवाला

**केंद्र में शासित मोदी सरकार लगातार जन-विरोधी कानून ला रही है**

अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन ने गांव ढाड में विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक-2025 के विरोध में एकत्रित होकर विधेयक की प्रतियां जलाईं। यूनियन के जिला सचिव रोहतास राजली ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र में शासित मोदी सरकार लगातार जन-विरोधी कानून ला रही है चार लेबर कोड, बिजली विधेयक2025, नई कृषि नीति और अब ग्रामीण मजदूरों की जीवनरेखा मनरेगा एक्ट2005 को समाप्त करने की तैयारी है।


उन्होंने कहा कि सरकार बड़े पूंजीपतियों के दबाव में गरीबों को सस्ते मजदूर बनाने की कोशिश कर रही है। यह बिल सिर्फ़ एक कागज़ का टुकड़ा नहीं, बल्कि हमारे आत्म-सम्मान पर हमला है। इस मौके पर किसान सभा के तहसील प्रधान मा.कर्मबीर जलन्धरा, नौजवान सभा के जिला प्रधान जितेंद्र बूरा बधावड़, रामेहर ढाड, सुनील, सतीश, विरेन्द्र, धर्मवीर, सावित्री, चंद्र रोशनी व शकुंतला आदि मौजूद रहे।

# सोनिका सहरावत बनीं गोल्डन गर्ल

- एमच्योर कबड्डी फेडरेशन कप में हरियाणा की बेटियों का स्वर्णिम प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

महाराष्ट्र के चालीस गांव में एमच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित 5वें सीनियर फेडरेशन कप में हरियाणा की महिला कबड्डी टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक जीत में हिसार के गांव नियाणा की बेटी सोनिका सहरावत की भूमिका बेहद अहम रही, जिन्होंने अपने दमदार खेल से न केवल टीम को मजबूती दी, बल्कि पूरे जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया। सोनिका सहरावत ने बताया कि वह इस टूर्नामेंट में हरियाणा की महिला टीम में शामिल हिसार की एकमात्र खिलाड़ी थीं। फाइनल मुकाबले में हरियाणा ने दिल्ली की मजबूत टीम को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट के दौरान सोनिका का प्रदर्शन सराहनीय रहा, जिसके चलते वह दर्शकों और चयनकर्ताओं की नजरों में रहीं। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी वर्ल्ड कप टीम के लिए किया जाएगा, जिससे सोनिका की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने की उम्मीदें और मजबूत हुई हैं। गोल्ड मेडल जीतकर हिसार लौटने पर गांव नियाणा में सोनिका का भव्य स्वागत किया गया।



ट्रॉफी के साथ सोनिका सहरावत।

### सोनिका का अंतरराष्ट्रीय सपना

महिला कबड्डी खिलाड़ी सोनिका सहरावत ने कहा कि उनका सपना भारतीय राष्ट्रीय टीम में शामिल होकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन करना है। सोनिका के पिता समुद्र सहरावत, जो पेशे से किसान हैं, ने बेटी की सफलता पर गर्व जताते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा बेटी के खानपान और सेहत का विशेष ध्यान रखा है। इसके लिए घर में भैंस रखी गई है ताकि सोनिका को पौष्टिक आहार मिल सके।

# ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार जारी

- लंबित मांग व मुद्दों को लेकर बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन की मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों और समस्याओं के समाधान को लेकर बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन ब्लॉक उकलाना की एक महत्वपूर्ण मीटिंग का आयोजन सीएचसी उकलाना में किया गया।

इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान विकास संदलाना और संचालन ब्लॉक सचिव अनिल कुंडू ने किया। इस अवसर पर बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के जिला प्रधान विकास संदलाना की मौजूदगी में कर्मचारियों की विभिन्न मांगों जैसे एनएचएम महिला बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारियों के 2 माह से लंबित वेतन, नियमित कर्मचारियों की ब्लॉक वर्ष 2020- 2023 और 2024-2027 की एलटीसी, एसीपी, एचबीपीएनसी, शिक्षा भत्ता और चिकित्सा भत्ता आदि मुद्दों पर चर्चा करने उपरांत सक्षम अधिकारी को अवगत कराया गया। जिला प्रधान विकास संदलाना, ब्लॉक प्रधान ललित इंदौरा और कोषाध्यक्ष ने बताया कि राज्य कार्यकारिणी के आह्वान पर जरूरी मानव संसाधन और उपकरणों की उपलब्धता की मांग को लेकर गत 25 अक्टूबर से ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार जारी है।



**हिसार।** एसोसिएशन की मीटिंग करते बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के सदस्य।

### ये रहे मौजूद

सभी कर्मचारियों से कार्य के दौरान सामने आ रही समस्याओं को दर्ज किया गया और सक्षम अधिकारी को अवगत करवाते हुए तुरंत समाधान करने के लिए ज्ञापन सौंपा। इस अवसर ब्लॉक प्रधान ललित कुमार, सचिव अनिल कुंडू, हेल्थ इंस्पेक्टर अंग्रेज सिंह, एलएचवी कृष्णा देवी,बाला देवी, रामफल, मोनिका शर्मा, निर्मला, अंजू जांगड़ा, अनीता पाबड़ा, सुरेश कुमारी, रेणु बाला, जुगनू आदि मौजूद रही।

## भाटोल में मानसिक रूप से परेशान अधेड़ महिला ने लगाई फांसी, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

**पति का इत्तेफाकिया बयान पर केस दर्ज**

निकटवर्ती गांव भाटोल में मानसिक बीमारी से जूझ रही एक अधेड़ महिला द्वारा घर में फंदा लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। महिला द्वारा फंदा लगाए जाने पर पर भतीजे द्वारा देख लेने पर उसे तुरंत फंदे से उतार उपचार के लिए हांसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने निजी अस्पताल पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां मृतका के पति देवेंद्र के बयान पर इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप मामले की जांच शुरू कर दी है।

### महिला थी मानसिक रूप से थी बीमार

पुलिस को दिए बयान में देवेंद्र ने बताया कि उसकी पत्नी संतोष देवी पिछले पांच वर्षों से मानसिक रूप से बीमार रहती थी। उसका रोहतक में नियमित उपचार चल रहा था। देवेंद्र ने बताया कि वे रोहतक में अपने छोटे बेटे के पास रह रहे थे और 17 दिसंबर को मैंने संतोष को चाय बनाने के लिए आवाज दी, लेकिन घर के अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। उसने घर के अंदर जाकर देखा लेकिन संतोष के घर में नहीं मिलने पर उसने संतोष के मोबाइल पर फोन किया तो उसने बताया कि वह बड़े बेटे के पास दिल्ली जा रही हैं और उसने मुझे भी दिल्ली आने को कहा। हालांकि, वह दिल्ली न जाकर भाटोल पहुंच गईं और दोपहर करीब साढ़े बारह बजे भतीजे ने फोन कर उसे बताया कि चाची संतोष ने घर में रस्सी से फांसी लगा ली है। लेकिन संतोष को फंदे पर लटकते देख उसके भतीजे ने फंदे से उतार उपचार के लिए हांसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया लेकिन उपचार के दौरान संतोष ने दम तोड़ दिया।

**मांग** 77 साल बाद मिलेगा बलिदानी मंसाराम को गांव में सम्मान

# मसूदपुर के बलिदानी मंसाराम के नाम पर रखा जाएगा सरकारी स्कूल का नाम, गांव में शहीद स्मारक बनाने की सरकार से मांग

- गांव मसूदपुर के मंसाराम का जन्म एक फरवरी 1925 में हुआ था।

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

गांव मसूदपुर के बलिदानी मंसाराम ने देश के लिए लड़ते हुए 14 सितंबर 1948 को अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। उस समय देश के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने भी एक पत्र लिखकर उनके शौर्य की प्रशंसा की थी। प्रदेश सरकार ने 77 साल बाद उनको सम्मान देते हुए गांव के सरकारी स्कूल का नाम उनके नाम पर रखने की घोषणा की है।

अब गांव मसूदपुर का सरकारी स्कूल उनके नाम से जाना जाएगा। गांव मसूदपुर के मंसाराम का जन्म एक फरवरी 1925 में हुआ था। वो चार भाई थे सबसे बड़े भले राम, मंसाराम, रामेश्वर और सबसे छोटे रामचंद्र थे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1941 में सैनिक भर्ती का दौर चला था और जगह-जगह कैंप लगाए गए थे। इसी दौरान वह ग्रेनेडियर कौर में भर्ती होकर ट्रेनिंग के लिए जबलपुर चल गए थे। तीन-चार साल की सेवा करने के बाद रिजर्व होकर घर आ गए थे। आजादी के बाद फिर मंसाराम भारतीय सेना की जाट रेजीमेंट तीन मैं एक फरवरी 1948 को भर्ती हो गया था। परीक्षण के लिए बरेली चले गए वहां से मात्र तीन-चार महीने के बाद ही उनकी रेजीमेंट को कश्मीर की लड़ाई में भेज दिया गया।





**नारनौंद।** बलिदानी मंसाराम के परिजन उनकी प्रतिमा को पुष्प अर्पित करते हुए।

### सम्मान दिलाने के लिए भतीजे ने लंबी लड़ाई लड़ी

*बलिदानी मंसाराम के भतीजे ज्ञान सिंह दलाल ने उनको सम्मान दिलाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। शुरू में तो हिसार के सैनिक बोर्ड में उनका रिकॉर्ड नहीं पाया गया। उसके बाद उन्होंने उत्तर प्रदेश के बरेली में जाकर उनके रिकॉर्ड को निकलवाया और यहां पर जमा करवाया। उसके बाद शिक्षा विभाग और अधिकारियों से मिलकर गांव के सरकारी स्कूल का नाम रखने की मांग की आखिरकार 20 साल की मेहनत के बाद जिला उपायुक्त की तरफ से तीन दिसंबर को शिक्षा विभाग को पत्र जारी कर गांव के सरकारी स्कूल का नाम बलिदानी मंसाराम रखने के आदेश दिए।*

### शहीद मंसाराम की विरासत

उस समय उनके ही गांव के दो अन्य सैनिक दीवान सिंह, भले राम भी वहां मोर्चे पर तैनात थे। उनकी पूरी रेजीमेंट बहादुर के साथ लड़ाई लड़ रही थी तभी पार्टी के ऊपर से शत्रु की सेवा की तरफ से भारतीय मोर्चों पर गोलों की बौछार कर दी तभी एक गोला मंसाराम की छाती में लगा और मंसाराम 14 सितंबर 1948 को देश के लिए बलिदान हो गए थे। उनका नाम दिल्ली के इंडिया गेट पर शहीद स्मारक के शिलापट्ट पर शहीदों की श्रेणी में आज भी दर्ज है। ग्राम पंचायत की तरफ से 2019 में ही ग्राम सभा की बैठक में शहीद स्मारक बनाने का प्रस्ताव भी पास किया था लेकिन आज तक भी गांव में शहीद स्मारक नहीं बन पाया।




# वॉर ड्रामा फिल्म इक्कीस में दिखी धर्मेंद्र की झलक

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की फिल्म 'इक्कीस' अब इस साल रिलीज न होकर नए साल पर रिलीज हो रही है। 1 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म का अब फाइनल ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का ट्रेलर पहले भी आ चुका है, लेकिन अब ये फाइनल ट्रेलर आया है। 2 मिनट 11 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत जयदीप अहलावत की आवाज से होती है। जिसमें वो कहते हैं, 'उस धुएं और बारूद की बू आज भी याद है मुझे। हम तारीख बदलने वाले थे, लेकिन उस एक लड़के ने हमारी तकदीर ही बदल दी।' इसके बाद ट्रेलर में युद्ध के जबरदस्त सीन और गोलियों और बम के धमाकों की आवाजें सुनने व देखने को मिलती हैं। सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के किरदार में अगस्त्य नंदा सेना की वर्दी में जचते हैं। ट्रेलर के अंत में धर्मेंद्र नजर आते हैं और बैकग्राउंड में 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' गाना बजता है।

लाइफ Style

# राधिका मैं 16 घंटे काम नहीं कर सकती


राधिका आप्टे भी वर्किंग आवर को लेकर चल रही बहस में शामिल हो गई हैं। अब उन्होंने भी दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की मांग पर सहमति जताते हुए अपनी बात रखी है। राधिका ने यहां तक कह दिया कि जब तक कि प्रोड्यूसर्स 12 घंटे की शिफ्ट से सहमत न हों वो काम नहीं कर पाएंगी। मां बनने के बाद दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की डिमांड को लेकर लगातार चर्चा हो रही है और अब इस डिमांड में एक और फीमेल बॉलीवुड एक्ट्रेस शामिल हो गई हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पिछले कुछ महीनों से मां बनने के बाद काम के घंटों की लेकर बहस ने जोर पकड़ रखी है। हाल ही में राधिका ने अपनी बेटी का पहला बर्थडे सेलिब्रेट किया है। महिला एक्ट्रेसेस खासकर न्यू मॉम्स के लिए काम के घंटों पर बहस पिछले कुछ महीनों से लगातार चल रही है। इसकी शुरुआत दीपिका पादुकोण की तरफ से कथित तौर पर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट ' से वर्किंग आवर को लेकर 8 घंटे की मांक से शुरू हुई, जिसके बाद खबर आई कि मेकर्स ने उन्हें फिल्म से आउट कर दिया। अब राधिका आप्टे ने इस मांग पर सहमति जताई और खुशी भी कि आखिरकार इस विषय पर बातचीत शुरू हो गई है। उन्होंने कहा, 'मैं तब तक काम नहीं कर पाऊंगी जब तक मेकर्स 12 घंटे की शिफ्ट के लिए सहमत नहीं हो जाते। 12 घंटे से मेरा मतलब है, पूरी शिफ्ट यानी जिसमें मेकअप और हेयर स्टाइल सब हो। वर्ना हम असल में 16 घंटे काम कर रहे होते हैं, क्योंकि तब आपको कम से कम 14 घंटे सेट पर रहना पड़ता है, जिसमें हेयर स्टाइल, मेकअप और शिफ्ट का कुछ और काम शामिल है। इसके बाद आपको कम से कम डेढ़ घंटे का ट्रैवल करना पड़ता है, चाहे आप कहीं से भी काम कर रहे हों।' राधिका ने कम के तय समय पर जोर देते हुए कहा कि आप 16 घंटे तक घर से दूर नहीं रह सकते, वरना आप अपने बच्चे को कभी देख ही नहीं पाएंगे।



## हॉलीवुड मसाला



# धुरंधर के गाने पर झूमे निक जोनस

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड म्यूजिक की दीवानगी अब सिर्फ भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसका जादू इंटरनेशनल भी साफ नजर आता है। हाल ही में नया मामला मशहूर सिंगर और प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस और उनके भाई जो और केविन जोनस का है, जिन्होंने अपने कॉन्सर्ट से पहले जोश बढ़ाने के लिए एक हिंदी फिल्म का गाना चुना है। खास बात यह है कि यह गाना आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' का ट्रैक 'शरारत' है, जो इन दिनों दुनियाभर में सुर्खियां बटोर रहा है। निक जोनस ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अपने भाइयों के साथ स्टेज पर जाने से पहले 'शरारत' गाने पर मस्ती करते नजर आ रहे हैं।



# कैप्टन अमेरिका के तौर पर वापसी करेंगे क्रिस

**लॉस एंजिल्स।** 'एवेंजर्सः डूम्स डे' का पहला टीजर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतार-फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दर्शकों को देखने को मिला। इस टीजर से दर्शकों को हिंट मिला है कि फिल्म में बतौर कैप्टन अमेरिका क्रिस इवास की वापसी हो सकती है। एवेंजर्स सीरीज की अगली फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्स डे' को लेकर दर्शक उत्साहित हैं। इसमें उनके लिए एक बड़ा सरप्राइज है। फिल्म का हाल ही में पहला टीजर रिलीज हुआ। जिसे देखकर दर्शकों को ऐसा लगा कि इसका हिस्सा क्रिस इवांस भी होंगे। वह कैप्टन अमेरिका के तौर पर इस फिल्म में वापस नजर आ सकते हैं। टीजर में एक खेत से सीन से शुरुआत होती है। इसमें फिल्म का एक अहम किरदार स्टीव अपने घर के बाहर मोटरसाइकिल चलता है और बैकग्राउंड में 'एवेंजर्स' थीम का पियानो वर्जन बज रहा होता है। स्टीव ने नीला हेलमेट पहना है, जो फैंस को कैप्टन अमेरिका (क्रिस इंवास) के कॉस्ट्यूम की याद दिलाता है। स्टीव के हाथ में एक नवजात बच्चे भी है। इसके साथ ही टीजर खत्म हो जाता है।



# हैप्पी पटेल का ट्रेलर रिलीज, वीर पर भारी पड़े आमिर- इमरान

**मुंबई।** वीर दास की फिल्म 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी यह फिल्म मजेदार लग रही है। 2 मिनट और 38 सेकेंड में इसमें कॉमेडी का भरपूर डोज है, जमकर गालियां हैं और एक बेवकूफ सीक्रेट एजेंट है, जो काम कम और गलतियां ज्यादा करता है। ट्रेलर की शुरुआत 'अल्फा मेल-अल्फा मेल' की गूंज से होती है, जो इसके हीरो और को-डायरेक्टर वीर दास के लिए है, लेकिन असल मजमा लूट ले जाते हैं आमिर खान और पर्दे पर 10 साल बाद कमबैक कर रहे उनके भांजे इमरान खान। ट्रेलर अपने पहले फ्रेम से ही यह साफ कर देता है कि यह फिल्म कोई स्पाई एक्शन थ्रिलर नहीं, बल्कि अपने हल्के-फुल्के अंदाज, अजीब किरदारों और कॉमिक ट्विस्ट से दर्शकों का मनोरंजन करने वाली है।



# वही पुरानी कहानी, फाइनल सीजन जैसा कुछ भी नहीं

**नई दिल्ली।** रिश्ते रहें ना रहें प्यार तो हमेशा रहता है। दोस्ती, रिलेशनशिप और प्यार की अहमियत को दिखाती चार लड़कियों की कहानी वाला शो 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' का चौथा सीजन शुक्रवार को रिलीज हो चुका है। ये सीरीज का फाइनल सीजन है। 2019 में शुरू हुई इस सीरीज के पहले और दूसरे सीजन को महिलाओं की कहानी और उनकी बोल्डनेस के चलते दर्शकों और क्रिटिक्स ने काफी पसंद किया था। हालांकि, तीसरा सीजन आते-आते कहानी कहीं न कहीं सिर्फ बोल्डनेस तक सीमित रह गई और नयापन खोने लगी। इस सीजन में सीरीज के फाइनल सीजन जैसा कुछ भी नया नहीं लगता है। पिछले तीन सीजन की तरह ही सीरीज प्यार रिलेशनशिप, एलजीबीटक्यू और दोस्ती को लेकर मैसेज देने का प्रयास करती है। जिसमे कहीं-कहीं सफल भी होती है।

## टीवी मसाला



# 14 साल बाद टीवी पर लौटेंगे अक्षय होस्ट करेंगे व्हील ऑफ फॉर्च्यून शो

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार फिल्मों में लोगों को एंटरटेन करने के बाद अब 14 साल बाद टीवी पर गेम खिलाने के लिए आ रहे हैं। वो एमी अवॉर्ड विनर टीवी गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' भारत में लेकर आ रहे हैं। अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। आठ बार एमी अवॉर्ड जीतने वाला अमेरिका का नंबर वन टेलीविजन गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' अब भारत में सोनी टीवी और सोनी लिव पर प्रसारित होने के लिए तैयार है। अक्षय कुमार शो में बतौर होस्ट शामिल होंगे। सोनी टीवी की ओर से इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया गया, 'दुनिया के सबसे बड़े टेलीविजन गेम शो ने भारत को नमस्ते कहा है।' इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया है कि अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। हालांकि, अभी तक शो की रिलीज डेट और कंटेस्टेंट के नाम सामने नहीं आए हैं। इस गेम शो से जुड़ने पर अभिनेता अक्षय कुमार ने भी खुशी जाहिर की है। एक्टर ने कहा कि 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' दुनिया भर में लाखों लोगों का पसंदीदा शो रहा है। मैं इसके भारतीय संस्करण को यहां के दर्शकों के सामने पेश करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। कई पीढ़ियों से चली आ रही शो की लोकप्रियता और पहेलियां सुलझाने का रोमांच इसे दुनियाभर में लोकप्रिय बना चुका है। मुझे भरोसा है कि भारतीय दर्शक भी इसका भरपूर आनंद लेंगे।

## पलक झपकाने का नहीं मिलेगा मौका

नई दिल्ली। माधुरी दीक्षित की वेब सीरीज 'मिसेज देशपांडे' 19 दिसंबर को ओटीटी पर रिलीज हो गई है। इस क्राइम-थ्रिलर सीरीज के कुल 6 एपिसोड्स एक साथ रिलीज हुए हैं। हर कातिल कत्ल के पीछे कोई ना कोई सबूत छोड़ जाता है, लेकिन यहां माजरा थोड़ा उल्टा है। यहां कातिल बताकर जाता है कि मारने वाला वही था। इस सीरीज में पलक झपकाने का समय नहीं मिलेगा, क्योंकि हर पल कोई ना कोई नया मोड़ आ जाता है यानी ट्विस्ट और टर्न की भरमार के मामले में तो पूरे नंबर मिलने चाहिए। आखिर तक पता नहीं चल पाएगा कि आखिर कातिल है कौन। हर क्राइम-थ्रिलर की ही तरह ये सीरीज भी सस्पेंस और मर्डर मिस्ट्री की परतें एक-एक कर खोलती है। कहानी है एक सीरियल किलर की, जो मुंबई में एक के बाद एक कत्ल किए जा रहा है और हत्या करने का तरीका एक जैसा ही है। सभी को रस्सी से दम घोंटकर मारा जाता है। सीरीज की कहानी शुरु होती है ऐसे ही मुंबई में एक्टर विराट मल्होत्रा के कत्ल से। पुलिस कमिश्नर अरुण खत्री मौका-ए-वारदात पर पहुंचते हैं।




# सस्पेंस-थ्रिलर से लेकर कॉमेडी-रोमांस तक, इस वीकेंड ओटीटी पर लगा एंटरटेनमेंट का फुल तड़का

**नई दिल्ली।** अगर आप वीकेंड पर घर बैठे एंटरटेनमेंट का पूरा डोज लेना चाहते हैं, तो यह हफ्ता ओटीटी दर्शकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। रोमांस, हॉरर-कॉमेडी, क्राइम थ्रिलर और डार्क ड्रामा- हर जॉनर को पसंद करने वालों के लिए इस बार कुछ न कुछ खास मौजूद है। दिसंबर के इस वीकेंड पर कुल 5 नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज हुई हैं, जो आपकी बिंज-वॉच लिस्ट को और लंबा करने वाली हैं।

### शुभचिंतक

गुजराती सिनेमा को एक नया और बोल्ड मोड़ देती है 'शुभचिंतक', जो 18 दिसंबर 2025 से शेमारू मी पर स्ट्रीम हो रही है। यह डार्क कॉमेडी-थ्रिलर एक ऐसे नौसिखिए की कहानी है, जो बदला लेने के लिए हनी-ट्रैप का सहारा लेता है। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, वह खुद नैतिक उलझनों और अप्रत्याशित हालात में फंस जाता है। सस्पेंस और डार्क कॉमेडी का यह मिश्रण दर्शकों को अंत तक बांधे रखने का दम रखता है।



### थामा

वहीं, मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की पेशकश 'थामा' अब थिएटर के बाद ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। 16 दिसंबर 2025 से प्राइम वीडियो पर उपलब्ध यह फिल्म रोमांस और डर का दिलचस्प कॉम्बिनेशन पेश करती है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की जोड़ी के साथ फिल्म हल्के-फुल्के हास्य के बीच हॉरर का तड़का लगाती है, जो इस फ्रेंचाइजी के फैंस को खासा पसंद आने वाला है।

### एक दीवाने की दीवानियत

नेटफ्लिक्स पर 16 दिसंबर से स्ट्रीम हो रही 'एक दीवाने की दीवानियत' एक इंटेंस रोमांटिक ड्रामा है। कहानी एक ऐसे आशिक के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी मोहब्बत धीरे-धीरे जुनून में बदल जाती है। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की केमिस्ट्री इस कहानी को और भी भावनात्मक बना देती है। यह सीरीज प्यार, पागलपन और पजेसिवनेस के बीच की महीन रेखा को दिखाती है।

### मिसेज देशपांडे

19 दिसंबर 2025 को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई 'मिसेज देशपांडे' खासतौर पर माधुरी दीक्षित के फैंस के लिए बड़ी ट्रीट है। इस क्राइम थ्रिलर में वह एक सीरियल किलर के किरदार में नजर आती हैं, जो पुलिस को एक कॉपीकैट किलर पकड़ने में मदद करती है। फ्रेंच सीरीज ला मांते से प्रेरित यह शो सस्पेंस और साइकोलॉजिकल ट्विस्ट से भरपूर है।

# 3 इडियट्स की सीक्वल होगी 4 इडियट्स और चौथा एक्टर होगा तगड़ा सुपरस्टार!

मुंबई। आमिर खान की सुपरहिट फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल की बात जोरों पर है। इन सबके बीच, फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है। इसका टाइटल '4 इडियट्स' हो सकता है और चौथे इडियट को ढूंढने के लिए मेकर्स जोर-शोर से जुटे हुए हैं। फिलहाल स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है और इसका टाइटल है 4 इडियट्स। हालांकि, यह टाइटल अभी बदला जा सकता है, मेकर्स इस फ्रेंचाइजी को इसकी पुरानी तिकड़ी से आगे बढ़ाने के लिए एक सुपरस्टार की तलाश में हैं। निर्माता चौथे इडियट की खोज में जुटे हैं, जो एक सुपरस्टार हो सकता है। लेखन का काम जारी है और टीम यह तय करने में लगी है कि यह और भी बड़ी और बेहतर हो और पहले पार्ट के अंत से आगे बढ़े। हालांकि, यह सिर्फ एक साधारण सिलसिला नहीं होगा, बल्कि इसमें नए एलिमेंट भी शामिल किए जाएंगे ताकि चौथे लीड स्टार को शामिल करना बेहतर साबित हो सके।



### एक कल्ट क्लासिक फिल्म बन गई 3 इडियट्स

*जहां उम्मीद है कि आमिर खान, आर. माधवन, शरमन जोशी और करीना कपूर खान से 2009 की ब्लॉकबस्टर फिल्म से अपने रोल्स को दोहराएंगे, वहीं चौथे इडियट को लेकर अटकलें जल्द ही सबके बीच आएंगी। '4 इडियट्स' केवल एक अस्थायी टाइटल है और बाद में इसमें बदलाव हो भी सकता है और नहीं भी। फिर भी, चौथे एक्टर को लेकर बातें जोरों पर हैं, जो संभवतः एक सुपरस्टार हो सकता है। 2009 में रिलीज हुई फिल्म '3 इडियट्स' एक कल्ट क्लासिक बन गई और इसने भारत की शिक्षा प्रणाली पर देशव्यापी बहस छेड़ दी। इस फिल्म ने 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली पहली भारतीय फिल्म बनकर इतिहास रच दिया और उस समय बॉलीवुड के लिए नए मानक स्थापित किया। इसके सीक्वल का निर्देशन राजकुमार हिरानी करेंगे।*

## अपनी अदाकारी से लोगों को कभी हंसाया तो कभी रुलाया

# अमिताभ की फिल्म में दद्दू के किरदार से मशहूर हुए ओम प्रकाश

एजेंसी ▶▶| मनई दिल्ली

ओम प्रकाश बॉलीवुड के ऐसे कलाकार हैं, जिन्होंने अपनी अदाकारी से लोगों को कभी हंसाया तो कभी रुलाया। उन्हें कैरेक्टर आर्टिस्ट के तौर पर भी याद किया जाता है। अपने कॅरियर में उन्होंने 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। वह जो भी किरदार निभाते थे, उसमें पूरी तरह से ढल जाते थे। अभिनेता के अलावा वह निर्माता भी थे।

### 12 साल की उम्र में संगीत सीखना किया शुरू

19 दिसंबर 1919 को जम्मू में जन्मे ओम प्रकाश का पूरा नाम ओम प्रकाश बख्शी था। उनकी शुरुआती पढ़ाई लाहौर में हुई जो अब पाकिस्तान में है। बचपन से ही उन्हें कला में दिलचस्पी थी। वह लगभग 12 साल के थे, जब उन्होंने शास्त्रीय संगीत की शिक्षा लेनी शुरू की। साल 1937 में उन्होंने 'ऑल इंडिया रेडियो' में काम करना शुरू किया। उनके प्रोग्राम 'फतेहदीन' को काफी सराहना मिली।

### शादी की दावत में मिला फिल्म का ऑफर

सिनेमा में आने की ओम प्रकाश की कहानी दिलचस्प है। वह अपने दोस्त की शादी में गए थे। वहां दलसुख पंचोली ने उन्हें देखा और लाहौर बुलाया। इसके बाद उन्हें फिल्म 'दासी' 1950 में काम करने का मौका दिया। यह उनकी पहली बोलती फिल्म थी।



### आखिरी वक्त

ओम प्रकाश अपने आखिरी वक्त में बीमार हो गए थे। दिल का दौरा पड़ने की वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत ज्यादा खराब होने पर वह कोमा में चले गए थे। 21 फरवरी, 1998 को उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

### इन फिल्मों में की बेहतरीन अदाकारी

'दासी' के बाद उन्हें कई बेहतरीन फिल्में मिलीं। उन्होंने हिंदी सिनेमा के कई बड़े अभिनेताओं के साथ काम किया और अपने अभिनय का लोहा मनवाया। उन्होंने जूली, पड़ोसन, दस लाख, बैराग, चुपके-चुपके, नमक हलाल, शराबी, खानदान, प्यार किए जा, चौकीदार, आंधी, लावारिस, लोफर और जंजीर जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया। उनकी आखिरी फिल्म 'नौकर बीवी का' (1983) है।

### बिग बी के साथ की शानदार अदाकारी

ओम प्रकाश को सबसे ज्यादा पहचान अमिताभ बच्चन की दो फिल्मों से मिली। फिल्म नमक हलाल में ओम प्रकाश ने दद्दू का किरदार निभाया। इस किरदार को आज भी याद किया जाता है। इसके अलावा उन्होंने फिल्म शराबी में मुंशीलाल का किरदार निभाया, जिसे आज भी लोग सराहते हैं।

### 60 के दशक में प्रोड्यूस की फिल्में

ओम प्रकाश एक बेहतरीन एक्टर होने के साथ-साथ एक बेहतरीन निर्माता भी थे। 60 के दशक में उन्होंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी बनाई। इसके तहत उन्होंने भैयाजी, चाचा जिंदाबाद, गेटवे ऑफ इंडिया और संजोग जैसी फिल्में बनाईं। ओम प्रकाश ने फिल्म कन्हैया' का निर्माण किया था। इसमें राज कपूर और नूतन ने अभिनय किया था।

### दिलचस्प है लव लाइफ

ओम प्रकाश की लव लाइफ दिलचस्प, लेकिन अधूरी है। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया कि उन्हें एक सिख लड़की से प्यार हो गया था। हालांकि, लड़की के घरवाले उनके खिलाफ थे, क्योंकि वह हिंदू थे। उनकी मां लड़की के घर पर शादी का प्रस्ताव लेकर गई थीं, लेकिन उनके घरवाले नहीं मानें। इसके बाद उन्होंने अलग होने का फैसला किया।

## खबर संक्षेप

### आंगनवाड़ी वर्कर्स को पोषण की दी जानकारी

**नारनौंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नारनौंद ब्लॉक की 170 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण में रॉकेट लर्निंग से जिला समन्वयक महिमा शर्मा एवं निशी मोर विशेष रूप से मौजूद रही। इस अवसर पर पोषण समन्वयक रेणु सहित पर्यवेक्षक सुनीता दुहन, कमलेश खुराना, मंजीत एवं मंजू बाला भी उपस्थित रहीं।

### युवा कांग्रेस का भाजपा कार्यालय पर प्रदर्शन

**हिसार।** भाजपा की जन विरोधी नीतियों के विरोध में युवा कांग्रेस की ओर से भाजपा के स्थानीय कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन हिसार युवा कांग्रेस अध्यक्ष भारत सोनी के नेतृत्व में राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी के खिलाफ ईडी द्वारा दर्ज किए गए मामले को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने तथा केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदलने की कोशिशों के विरोध में किया गया। प्रदर्शन में हरियाणा यूथ कांग्रेस की प्रभारी मिमांक्षा आर्या भी विशेष रुप से उपस्थित रहीं।

### सफाई कर्मचारियों को स्थायी करने की मांग

**हिसार।** हरियाणा एग्रीकल्चर युनिवर्सिटी सफाई कर्मचारी यूनियन कार्यकारिणी की बैठक प्रधान कालूराम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। यूनियन ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि हकृवि के सफाई कर्मचारियों को स्थायी करने का कार्य करे। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ उपप्रधान संजय तिसावर, उपप्रधान विक्रम कांगड़ा, कैशियर शंकर सरवटा, प्रेस सचिव मित सिद्धू, प्रदीप अठवाल, नरेश, मनीष नायब, राजू पिवाल, गोविंद, आशा, जगदीप, आदि मौजूद रहे।

### संगीत और ध्यान विषय पर आधारित होगा सत्र

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 21 दिसंबर को संगीत और ध्यान विषय पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक यह ध्यान सत्र जारी रहेगा। इस अवसर पर स्वामी संजय व मां सांची साधकों को ध्यान विधियों से साक्षात्कार करवाते हुए उनका अभ्यास भी करवाएंगे। ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में 21 दिसंबर को संगीत और ध्यान के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### गुजवि के कुलपति को भेंट किया कैलेंडर

**हिसार।** सुरभि आर्ट सोसायटी ने जहां हरियाणा कला एवं संस्कृति कार्य विभाग के तत्वावधान में कला उत्सव का आयोजन करके चित्रकला को नए आयाम दिए हैं, वहीं चित्रकारों को सशक्त मंच प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसी कड़ी में विख्यात चित्रकारों की पेंटिंग पर आधारित कैलेंडर का लोकार्पण किया गया। सुरभि आर्ट सोसायटी के निदेशक राजेश जांगड़ा, सचिव नेहा बतरा, चित्रकार गीता जांगड़ा सहित कई पदाधिकारियों ने गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई को उनका पोट्रेट व कैलेंडर भेंट किया।

### मार्ग का नाम ले. अक्षत स्वामी रखने का स्वागत

**हिसार।** मिल गेट से लाहौरिया चौक तक के मार्ग का नामकरण बलिदानी लेफ्टिनेंट अक्षत स्वामी के नाम पर किए जाने का जिला स्वामी सभा ने स्वागत किया है। शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा द्वारा इस मार्ग का नाम लेफ्टिनेंट अक्षत स्वामी के नाम पर रखने का फैसला किया है। जिला स्वामी सभा के प्रधान बीरबल स्वामी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा व मेयर प्रवीण पोपली का आभार प्रकट किया है। गवर्नमेंट कॉलोनी स्थित पार्क का नाम भी स्वामी के नाम पर रखा गया है।

---

लोकसभा में पारित विधेयक की प्रतियां जलाकर रोष जताया

# मनरेगा खत्म करने का प्रयास कर रही सरकार : बहबलपुरिया

## 22 को डीसी दफ्तर फतेहाबाद पर किया जाएगा आक्रोश प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

■ अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन ने किया प्रदर्शन

मनरेगा कानून गरीबों के लिए जीवनदायिनी साबित हो सकती थी लेकिन भाजपा सरकार ने एक योजनाबद्ध षडयंत्र से इस कानून को ही खत्म करके अपने गरीब विरोधी चरित्र को ही उजागर किया है। यह बात अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन हरियाणा के उपाध्यक्ष रामकुमार बहबलपुरिया ने शुक्रवार को बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर पार्क में आयोजित संयुक्त मीटिंग को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। मीटिंग की अध्यक्षता अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के नेता दलबीर सिंह आजाद एवं मनरेगा मेट मजदूर यूनियन के अध्यक्ष रमेश कुमार बारोटिया ने संयुक्त रूप से की।

मीटिंग के बाद लाल बत्ती चौक पर प्रदर्शन करते हुए भाजपा सरकार के द्वारा विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन कानून की प्रतियां जला कर अपना विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए रामकुमार बहबलपुरिया ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा सत्ता के घमंड में चूर होकर जिस प्रकार से मनरेगा कानून को खत्म किया गया, ये गरीबों के अधिकार पर सबसे बड़ा हमला है इस हमले का मुकाबला करने के लिए पूरे देश भर में सडक़ों पर उतर कर प्रतिरोध किया जाएगा।

बहबलपुरिया ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार, विकसित भारत-रोजगार गारण्टी और आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानि वीबी- जी राम जी के नाम से ही इसके असली इरादों को उजागर करता है। भाजपा द्वारा लोकसभा में पारित बिल भाजपा के खोखले वादों की पोल खोलता है तथा भारत में मुश्किल से हासिल किए गए काम के अधिकार 'मनरेगा' को खत्म करने की एक खतरनाक कोशिश छिपी हुई है। उन्होंने कहा कि मनरेगा, एक मांग-आधारित कार्यक्रम था जो राज्य को कानूनी रूप से रोजगार देने के लिए बाध्य करता था जबकि मौजूदा विधेयक, इस सिद्धान्त को मौलिक रूप से पलटने की कोशिश करता है, जब वह एक वैधानिक अधिकार को एक विवेक आधारित योजना में बदल देता है। उन्होंने बताया कि इसके खिलाफ 22 दिसंबर को भी विभिन्न जनसंगठनों द्वारा डीसी कार्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा। आज की मीटिंग में जगदीश रामसरा, राजेंद्र सिंह, सुखदेव सिंह भोडिया खेड़ा, संतोष, नजमा, छिंदरपाल ढाणी माजरा, बंशीलाल, सतबीर सिंह बनगांव, बेगराज, रामेश्वर कालवां, दिवानचंद धारणिया, हरिकिशन कम्बोज, शेर सिंह कुम्हारिया, विनोद कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।



फतेहाबाद। 'वीबी जी राम जी' कानून की प्रतियां जलाते विभिन्न संगठनों के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में असंगठित कामगार कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**फतेहाबाद।** मनरेगा का नाम बदलकर इसका नाम जी वीबी जी राम जी रखने के विरोध में आज हरियाणा प्रदेश असंगठित कामगार कांग्रेस के सदस्यों ने लाल बत्ती चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व डॉ. रामेश्वर कालवां ने की। कालवां ने कहा कि बीजेपी सरकार ने मनरेगा मजदूरों के रोजगार पर कैंची चलाई है। मनरेगा का काम 100 घंटे कम कर दिया गया है, जिससे मनरेगा के तहत होने वाले कामों में कमी आएगी और गांवों में काम अधर में लटक जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना का नाम बदलकर सरकार ने इसका 40 फीसदी बजट राज्य सरकारों पर थोंप दिया है, जबकि पहले 100 फीसदी बजट केंद्र सरकार की ओर से आता था। इससे अब मनरेगा के तहत मिलने वाली मजदूरी के लिए मजदूरों को केंद्र के साथ-साथ राज्य सरकारों पर भी आश्रित होना पड़ेगा। इस मामले में आज असिस्टेंड लेबर कमीश्नर के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा गया है। इस अवसर पर जिला महासचिव दिवानचंद, जिला मीडिया सचिव रामरत्न सोनी, उपप्रधान भरत सिंह सिंवर, हलका अध्यक्ष फतेहाबाद राजेश जांगड़ा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# मनरेगा को पूर्व की भांति उसके मूल स्वरूप में तत्काल लागू किया जाए : सैलजा



**सिरसा।** सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम परिवर्तन से इसके मूल स्वरूप और संवैधानिक भावना को गहरी ठेस पहुंची है, पर कांग्रेस इस सरकार को लाखों गरीब लोगों, मजदूरों और कामगारों के अधिकारों को छीनने की अनुमति नहीं देंगी। सैलजा ने शुक्रवार को मीडिया को जारी प्रेस बयान में कहा कि मनरेगा कोई साधारण कल्याणकारी योजना नहीं, बल्कि संसद द्वारा वर्ष 2005 में पारित एक वैधानिक अधिकार है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को सुनिश्चित रोजगार के माध्यम से आजीविका की सुरक्षा प्रदान करना है। किंतु हालिया प्रशासनिक बदलावों के कारण कार्य आवंटन में अव्यवस्था, भुगतान में विलंब और हजारों ग्रामीण श्रमिकों को उनके वैध रोजगार अधिकार से वंचित किया जा रहा है। यह स्थिति न केवल मनरेगा अधिनियम की मूल भावना के विपरीत है, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 14, 21 और 41 में निहित समानता, गरिमा के साथ जीवन और कार्य के अधिकार का भी स्पष्ट उल्लंघन है। सांसद ने सरकार से मांग की है कि मनरेगा को वर्ष 2024 से पूर्व की भांति उसके मूल स्वरूप में तत्काल लागू किया जाए, ताकि ग्रामीण श्रमिकों को समय पर, न्यायपूर्ण और सम्मानजनक रोजगार सुनिश्चित हो सके।

### गरीबों के अधिकार छीन रही सरकार

सांसद सैलजा ने कहा कि ये केवल महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) का नाम बदलने का मामला नहीं है, बल्कि गरीबों के अधिकारों से नफरत करने वाली सरकार ही एमजीएनआरईजीए पर हमला करेगी। कांग्रेस पार्टी इस अहंकारी सरकार के किसी भी गरीब-विरोधी और मजदूर-विरोधी फैसले का आम जनता के बीच पहुंचकर सडक़ों पर कड़ा विरोध करेगी। कांग्रेस इस सरकार को लाखों गरीब लोगों, मजदूरों और कामगारों के अधिकारों को छीनने की अनुमति नहीं देंगे। सांसद सैलजा ने कहा कि महात्मा गांधी का नाम हटाने के पीछे सरकार की क्या मंशा है जो न केवल भारत में बल्कि दुनिया में सबसे बड़े नेता माने जाते हैं। जब भी किसी योजना का नाम बदला जाता है तो कार्यालयों, स्टेशनरी में इतने बदलाव करने पड़ते हैं, जिसके लिए पैसा खर्च होता है।

---

# किसानों को राहत देने से भागना भाजपा की पुरानी आदत : राजेन्द्र

■ किसानों के मुद्दे पर प्रदेश सरकार के रवैये की कड़ी आलोचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



राजेन्द्र सोरखी।

आम आदमी पार्टी ने हरियाणा विधानसभा में बाढ़ से प्रभावित किसानों के मुद्दे पर भाजपा सरकार के रवैये की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार किसानों को राहत देने के बजाय नियम-कानून का बहाना बनाकर उनसे मुंह मोड़ रही है। जमीनी हकीकत यह है कि हालिया बाढ़ ने किसानों की कमर तोड़ दी है, खेतों में भारी मात्रा में रेत जमा हो गई है और पूरी फसल तबाह हो चुकी है, लेकिन सरकार संवेदनहीन बनी हुई है।

आम आदमी पार्टी के जिला प्रधान राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि जब पंजाब सरकार ने मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में 'जिसका खेत, उसकी रेत' जैसी दूरदर्शी और किसान हितैषी नीति लागू की है, तो हरियाणा की भाजपा सरकार क्यों हाथ पर हाथ धरे बैठी है। पंजाब में बाढ़ से खेतों में जमी रेत को किसान की संपत्ति मानते हुए उसे निकालने और बेचने की छूट दी गई है।

### सेक्टर तीन में आज बिजली सप्लाई बाधित रहेगी

**फतेहाबाद।** सैक्टर 3 में स्थित 33 केवी सब स्टेशन के अंतर्गत पडऩे वाले सैक्टर के एरिया में मुरम्मत कार्यों के चलते शनिवार को हुडा सैक्टर में बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम फतेहाबाद के जेई हरजीत सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली बंद रखने का का परमिट लिया गया है।

इस दौरान खेमा खाती रोड, लाजपत नगर, अशोक नगर, डीएसपी रोड, ऑटो मार्किट, हुडा सैक्टर 3, कुलडिय़ा पम्प के आसपास के क्षेत्र, अल्फा सैक्टर, सोमा सैक्टर, ग्रीन गोल्ड व विकास टाऊन में बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

---

# स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल में सेमिनार, मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. आचार्य पवन ने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

■ परीक्षा के दौरान तनाव को दूर करने के टिप्स दिए

स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल में एक सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें ग्वालियर से आए विश्व विख्यात मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. आचार्य पवन ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक आख्यान दिया। उन्होंने बच्चों को सम्बोधित करते हुए बताया कि परीक्षा के दबाव से कैसे बचा जाए और विषय वस्तु का अध्ययन किस प्रकार किया जाए, जिससे तनावमुक्त होकर और प्रभावी तरीके से जीवन में सफलता हासिल की जा सकती है। अपने सम्बोधन में अपने विषय 'गुड टू ग्रेट' को विस्तारपूर्वक समझाते हुए एक इंटरएक्टिव तरीके से उन्होंने बच्चों से संवाद किया। बच्चों ने भी उनसे अपनी पढ़ाई और जीवन में पेश आने वाली चुनौतियों का किस प्रकार मुकाबला किया जाए ,इससे सम्बंधित सवाल किये, जिनका उन्होंने खुलकर जवाब दिया। आचार्य पवन का स्वागत करते हुए स्कूल डायरेक्टर शैलेन भास्कर ने बताया कि आचार्य पवन अब तक 2800 शिक्षण संस्थानों में अपना आख्यान कर चुके हैं और स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल के बच्चे सौभाग्यशाली हैं कि उनको ऐसी सुप्रसिद्ध हस्ती से रूबरू होने का मौका मिला है। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन की तरफ से उन्हें सम्मानित भी किया गया।




फतेहाबाद। स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल में विद्यार्थियों को संबोधित करते आचार्य पवन।

---

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष 21 को भूना में

■ बीजेपी जिला कार्यकारिणी की बैठक में करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली 21 दिसंबर रविवार को भूना पहुंचेंगे। वह यह भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेंगे। बैठक की तैयारियों को लेकर भूना के प्रीति पैलेस में शुक्रवार को जिला पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बीजेपी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा व भाजपा के प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य ने की। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं की जिला कार्यकारिणी की बैठक हेतू ड्युटियां भी लगाई गई। बीजेपी जिलाध्यक्ष ने बताया कि कल भूना के उकलाना रोड पर प्रीति पैलेस में आयोजित होने वाली जिला कार्यकारिणी की बैठक में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसके अलावा जिले के सभी दिग्गज नेताओं के साथ कार्यकर्ता भी पहुंचेंगे।

बैठक में नेताओं के स्वागत, मंच संचालन व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। जोड़ा ने बताया कि भाजपा एक सुव्यस्थित संगठन है।



फतेहाबाद। बैठक में चर्चा करते बीजेपी के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

आज की बैठक में जिला महामंत्री अशोक जाखड़, विकास ललोढ़ा, जिला उपाध्यक्ष सविता टुटेजा, संजय रेवड़ी, सुमन खीचड़, जिला सचिव साकेत गर्ग, पूनम सिंगला, लखमी शर्मा, मन की बात प्रमुख विक्रम शर्मा, कंवल चौधरी, रामकुमार मेहरा, राममेहर धारसूल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# विदेश भेजने के नाम पर 10.20 लाख की ठगी

■ दुबई से स्वदेश लौटते ही धरा गया ठगी का आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अवैध रूप से विदेश भिजवाने के नाम पर ठगी करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बरवाला पुलिस ने सरसौद निवासी सनूप नामक युवक को गिरफ्तार किया है। उस पर विदेश भेजने के नाम पर 10.20 लाख की ठगी का आरोप है।

जांच अधिकारी एएसआई उपेंद्र सिंह ने बताया कि इस संबंध में थाना बरवाला में दी शिकायत में शिकायतकर्ता सत्यवान ने बताया कि आरोपी सनूप ने उसके पुत्र अजय को इटली भिजवाने का झांसा दिया। आरोपी ने वीजा लगवाने के नाम पर अलग-अलग समय पर बैंक खातों में कुल 10 लाख 20 हजार की राशि हड़प ली। शिकायतकर्ता द्वारा उपलब्ध करवाई गई वॉयस रिकॉर्डिंग के अनुवाद व जांच में यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी ने एजेंट द्वारा 12 लाख रुपये मांगने की बात कहते हुए 10 लाख रुपये में काम कराने का भरोसा दिलाया था। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी द्वारा न तो वीजा लगवाया गया और न ही राशि वापस की गई। शिकायत पर बरवाला थाना में इस वर्ष 17 जुलाई को केस दर्ज किया गया था। जांच अधिकारी ने बताया कि वारदात के बाद आरोपी विदेश भाग गया था।

---

## न्यूज डायरी

### श्याम वंदना महोत्सव के लिए पंडाल का कार्य जारी

**हिसार।** जय श्रीश्याम मंडल, कटपीस मार्केट के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 20 दिसंबर को दोपहर 12:15 बजे से पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में होने वाले श्याम वंदना महोत्सव के लिए विशाल पंडाल बनाने का कार्य जारी है। मंडल के प्रधान हुनेश्वर गोस्वामी ने बताया कि दर्जनों कर्मचारी विशाल पंडाल लगाने का कार्य कर रहे हैं। हजारों लोगों के बैठने की सुव्यवस्थित व्यवस्था की जा रही है। हिसार के अलावा आसपास के शहरों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु महोत्सव में पहुंचेंगे। श्याम बाबा का आकर्षक फूलों से भव्य दरबार सजाया जाएगा। कार्यक्रम में सालासर बालाजी धाम के महाराज पंकज पुजारी व निधिवन राज मंदिर, वृंदावन एवं बांके बिहारी के मुख्य पुजारी मोहित गोस्वामी भी भक्तों को अपना आशीर्वाद देने पहुंच रहे हैं।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी का सम्मान समारोह 21 को

**हिसार।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के हिसार केंद्र द्वारा बालसमंद रोड स्थित 'पीस पैलेस' में 21 दिसंबर को ब्रह्माकुमार डॉ. रामप्रकाश गिलोत्रा की प्रथम पुण्यतिथि पर एक वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर 'संगम : गौरवपूर्ण वृद्धावस्था व सम्मानित जीवन' अभियान की शुरुआत की कार्यक्रम में जाएगी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज द्वारा इस राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय और ब्रह्माकुमारीज के समाज सेवा प्रभाग के मध्य हुए एमओयू के तहत किया जा रहा है। कार्यक्रम में मंत्री रणबीर गंगवा विशिष्ट अतिथि होंगे। माऊंट आबू मुख्यालय से ब्रह्माकुमारीज समाज सेवा प्रभाग के राष्ट्रीय संयोजक बीके अवतार भाई एवं ओम शांति रिट्रीट सैंटर गुडग़ांव की डायरेक्टर बीके आशा भी उपस्थित रहेंगे।

---

जागरूकता | नशा तस्करों के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज हो : भवानी सिंह

# रतिया में बढ़ते नशे को लेकर महापंचायत, वकीलों से की अपील-नशा तस्करों की जमानत न करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

■ मेडिकल नशा न रोक पाने पर ड्रग विभाग की आलोचना

क्षेत्र में बढ़ रहे चिट्टे के प्रकोप और मेडिकल नशे के खिलाफ जैन समाधि पर एक महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत की अध्यक्षता महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक भवानी सिंह ने की। महापंचायत में क्षेत्र के प्रसिद्ध उद्योगपति प्रवीण गर्ग, डीएसपी नर सिंह, एसएचओ पुष्पा सिहाग, परवीन गर्ग, सर्वसमाज सभा के प्रधान सतपाल जिंदल, पंजाबी सभा प्रधान सतीश हांडा, नगरपालिका प्रधान प्रतिनिधि कालू खन्ना, हरबंस खन्ना, बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवेंद्र ग्रोवर, पारस सिंगला, गौरव शर्मा, गुरुचरण खोखर, व्यापार मंडल अध्यक्ष रूप गर्ग सहित अन्यों ने शिरकत की। मंच संचालन नैब सिंह मंडेर ने किया। महापंचायत को संबोधित करते हुए समाज सेवी प्रवीण गर्ग ने कहा कि रतिया क्षेत्र में जिस तरह से नशे का प्रकोप दिनों दिन बढ़ रहा है। उसको लेकर रतिया क्षेत्रवासी और सभी सामाजिक संगठन एक हो जाएं तो नशे रूपी दानव को खत्म किया जा सकता है। कार्यक्रम का आयोजन कर रहे ट्रस्ट के संयोजक भवानी सिंह ने कहा कि शहर के लोग नशे को लेकर एक कमेटी का गठन करें जो मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलकर कानून में बदलाव करने की बात कह कर नशा तस्करों के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा करवाने की मांग करें। उन्होंने क्षेत्र के वकीलों से भी निवेदन किया कि वह नशा तस्करों की जमानत न करवाए।

भवानी सिंह ने कहा कि क्षेत्र में जो मेडिकल नशा बिक रहा है, उसमें कारवाई करने को लेकर ड्रग विभाग पूरी तरह लापरवाह है जिसकी शिकायत भी मुख्यमंत्री से मिलकर की जाएगी।




रतिया। महापंचायत में उपस्थित लोग। फोटो : हरिभूमि

**महापंचायत को सहयोग करेंगे**

सर्व समाज सभा के अध्यक्ष सतपाल जिंदल ने कहा कि नशे के खिलाफ महापंचायत जो भी फैसला लेगी उसमें सहयोग करेंगे। नशे के खिलाफ हो रही महापंचायत में शहर थाना प्रभारी पुष्पा सिहाग ने संबोधित करते हुए नशा तस्करों को चेतावनी दी कि वह जहां जाकर मर्जी नशा बेचे लेकिन रतिया में वह नशे का कारोबार नहीं करने देगी तथा सख्त कार्रवाई करेगी इसलिए नशा तस्कर रतिया शहर छोड़ दें। थाना प्रभारी के कहीं और जाकर नशा बेचने के संबोधन की महापंचायत में काफी देर तक चर्चा होती रही।

---

### प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**हांसी।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को एसडीएम हांसी को एसोसिएशन के पूर्व प्रधान सतीश वर्मा की अध्यक्षता में एक ज्ञापन दिया। एसोसिएशन रविन्द्र अत्री प्रधान ने बताया कि एसोसिएशन ने एसडीएम हांसी के माध्यम से निदेशक निदेशालय शिक्षा विभाग पंचकूला को व हरियाणा के शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंप सभी विद्यार्थियों के लिए वन टाइम छात्रवृत्ति की मांग की गई है।

ग्राम पंचायत जेवराखंड बरवाला (हिसार)

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गांव जेवरा में पशु अस्पताल व विकास केन्द्र भवन के मलबे व चमार चौपाल की खुली बोली नीलामी दिनांक 22-12-2025 को सुबह 11 बजे राजकीय उच्च विद्यालय जेवरा में होगी। बोली दाता को पचास हजार रूपए सिक्योरिटी जमा करवानी होगी। अन्य शर्तें मौके पर सुनाई जाएगी।

सरपंच श्रीमती एकता
ग्राम पंचायत, जेवरा ( हिसार)
मो 94677 04691

**सक्षम महिला कलस्टर संगठन**

संकल्प हिसार, सफल-हिसार द्वितीय, सद्भावना-अग्रोहा, व सक्षम - बरवाला में गठित सीएलएफ हेतु अनुबंध के आधार पर क्लस्टर मैनेजर, लेखाकार, एमआईएस सहायक की आवश्यकता है। इसके लिए आवेदन पत्र उक्त वर्णित क्लस्टर संगठन के खण्ड कार्यालय से कार्य दिवस में दिनांक 16.12.2025 से 24.12. 2025 तक प्राप्त कर सकते हैं। योग्यता की नियम व शर्तें आवेदन के साथ संलग्न है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 24.12.2025 समय सायं 3 बजे तक है।

सक्षम महिला कलस्टर संगठन

## खबर संक्षेप

### शराब सहित 6 काबू, 85 बोतल देसी शराब बरामद

**हिसार।** पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से शराब बेचने में संलिप्त 6 व्यक्तियों को काबू किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 85 बोतल देसी शराब तथा 27 लीटर अवैध लाहन बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना आदमपुर क्षेत्र से आरोपी अमनदीप, थाना अग्रोहा क्षेत्र से रोहताश, थाना बरवाला क्षेत्र से सुरेन्द्र, थाना सिविल लाइन क्षेत्र से सुमित, 12 क्वार्टर क्षेत्र से भानु तथा थाना उकलाना क्षेत्र से निखिल को काबू किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 85 बोतल देसी शराब और 27 लीटर अवैध लाहन बरामद की। सभी पर केस दर्ज कर लिए गए हैं।

### अवैध देसी शराब की 19 बोतल के साथ दो काबू

**हांसी।** थाना सदर हांसी व नारनौंद पुलिस ने अलग-अलग मामलों में अवैध शराब की 19 बोतल के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना सदर पुलिस ने गश्त पड़ताल दौरान गांव धमाना से धमाना निवासी अजय को 8 बोतल तथा थाना नारनौंद पुलिस ने गश्त पड़ताल दौरान वार्ड नंबर 3 निवासी सीताराम को अवैध देसी शराब की 11 बोतल के साथ गिरफ्तार कर दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी काबू

**हांसी।** विशेष अभियान के दौरान शहर धाना पुलिस ने चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी ढाणी ब्राह्मण निवासी जय भगवान को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही सन्दीप ने बताया कि पकड़े गए आरोपी को अदालत द्वारा चेक बाउंस के मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था।

### हत्या मामले का पैरोल जम्पर गिरफ्तार

**हांसी।** भाटला पुलिस चौकी ने हत्या मामले में पैरोल जम्पर आरोपी सिंघवा निवासी सुनील को गिरफ्तार किया है। पुलिस चौकी भाटला प्रभारी एसआई धोलू राम ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी सदर थाना हांसी के वर्ष 2015 के हत्या के मामले में हिसार सेन्ट्रल जेल में आजीवन कारावास सजा काट रहा था। आरोपी 2025 में 28 दिन की पैरोल पर बाहर हुआ था। लेकिन पैरोल अवधि समाप्त होने के बाद भी आरोपी हिसार सेन्ट्रल जेल नहीं पहुंचा। पैरोल पर आने के बाद फरार हो गया था। पुलिस चौकी भाटला ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### रोहन का स्टेपटूजेन टेक्नोलॉजीज में चयन

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार (गुजविप्रौवि) के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से स्टेपटूजेन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के ई-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के बीटेक सीएसई कार्यक्रम के एक विद्यार्थी को चयनित किया गया है। सहायक निदेशक प्लेसमेंट डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि बीटेक सीएसई के रोहन बंसल का चयन इस ड्राइव में हुआ है। प्लेसमेंट ड्राइव का समन्वय बीटेक सीएसई के दिग्विजय सिंह ने किया।

### भाविप ने निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया

**उकलाना।** भारत विकास परिषद के सौजन्य से सैनिक हाई स्कूल में एक निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की आंखों की जांच कर उन्हें नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। शिविर का शुभारंभ विद्यालय के मुख्याध्यापक रमेश ऐलावादी एवं परिषद के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। परिषद की ओर से संजय गुप्ता ने परिषद के सामाजिक प्रकल्पों की जानकारी दी। जांच शिविर में स्कूल के कई छात्रों की आंखों की जांच की गई साथ ही बताया की वे अपनी आंखों का ध्यान कैसे रखें।

---

### डॉ. कमल ने दक्ष कामरा को दी बधाई, की उज्ज्वल भविष्य की कामना

# दक्ष खेल भावना से आईपीएल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे : डॉ. गुप्ता



हिसार। क्रिकेटर दक्ष कामरा का मुंह मीठा करवाते डॉ. कमल गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने जहाजपुल क्षेत्र निवासी उभरते हुए ऑलराउंडर क्रिकेटर दक्ष कामरा के आवास पर पहुंचकर उन्हें उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. गुप्ता ने दक्ष कामरा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। हाल ही में अबूधाबी में आयोजित आईपीएल 2026 की मिनी नीलामी में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम ने दक्ष कामरा को 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर अपनी टीम में शामिल किया है। इसके साथ ही दक्ष कामरा आईपीएल 2026 सीजन में खेलते हुए नजर आएंगे। पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि दक्ष कामरा की यह सफलता न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे हिसार जिले और हरियाणा प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। डॉ. गुप्ता ने विश्वास व्यक्त किया कि दक्ष कामरा अपनी प्रतिभा और खेल भावना से आईपीएल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे तथा भविष्य में भारतीय क्रिकेट को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान देंगे।

***दक्ष कामरा आईपीएल 2026 सीजन में खेलते हुए नजर आएंगे।***

### दयानंद कॉलेज के पूर्व छात्र दक्ष का सम्मान समारोह

*शहर के दयानंद कॉलेजज के लिए गर्व का क्षण उस समय आया जब कॉलेज के पूर्व छात्र दक्ष का चयन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) कि कोलकाता नाइट राइडर टीम में हुआ। इस उपलब्धि पर कॉलेज परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन कर दक्ष का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह, डॉ. विवेक श्रीवास्तव, प्रो सुरजीत कौर, प्रो सुरेष कुमार, प्रो मंजीत सिंह, अनिल शर्मा, दक्ष के चाचा मुकेश, चाची रूबी व दक्ष के दोस्त अमन खरब आदि उपस्थित रहे।*

---

# हिसार में एम्स, आईआईटी व आईआईएम की स्थापना की जानी चाहिए : चंद्रप्रकाश

- विधायक चंद्रप्रकाश ने आदमपुर व बालसमंद को उपमंडल बनाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



विधानसभा सत्र में जनता को सुविधाएं देने की मांग रखते विधायक चंद्रप्रकाश।

आदमपुर से विधायक चंद्रप्रकाश ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में मुखर होकर आदमपुर हलके की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और विकास कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करवाने की मांग की। इसके साथ ही हिसार जिले में चिकित्सा, इंजीनियरिंग व प्रबंधन से जुड़े उच्च शिक्षण संस्थानों को स्थापित करने की उन्होंने पैरवी भी की। चंद्रप्रकाश ने विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण के समक्ष स्पष्ट किया कि हिसार जिले में एम्स, आईआईटी, आईआईएम व आईएमटी की स्थापना की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिसार अत्यंत महत्वपूर्ण जिला है और यहां पर उच्च शिक्षण संस्थानों की स्थापना से समस्त हरियाणा व निकटवर्ती राज्यों को सीधा लाभ मिलेगा। विधायक चंद्रप्रकाश ने कहा कि आदमपुर हलके के महत्वपूर्ण गांव बालसमंद व इसके आसपास के गांव एवं नलवा हलके के कई गांव वर्षों से सिंचाई के पानी व पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। इसलिए टोहाना हेड से एक नई नहर नलवा, बालसमंद व इसके निकटवर्ती गांवों के लिए निकालनी चाहिए।

#### विधायक द्वारा उठाए गए मुद्दे

- हिसार जिले में एम्स, आईआईटी, आईआईएम व आईएमटी की स्थापना
- आदमपुर व बालसमंद को उपमंडल बनाया जाए
- बालसमंद व नलवा के लिए टोहाना हेड से नई नहर निकाली जाए
- मंडी आदमपुर के निर्माण कार्य तय सीमा में पूरे हों
- बालसमंद के कॉलेज भवन का निर्माण करवाया जाए
- ग्रामवासियों को बीड़ के पांच गांवों का मालिकाना हक मिले
- गुरु रविदास कॉलोनी के 250 परिवारों को मालिकाना हक मिले

### भाजपा को बूथ स्तर पर मजबूत बनाकर करें पार्टी का प्रचार : फणींद्र नाथ

**नारनौंद।** भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा ने कहा कि हमें बूथ स्तर पर और ज्यादा मेहनत करनी होगी ताकि पार्टी को और ज्यादा मजबूती दी जा सके। प्रदेश संगठन मंत्री गांव बास में शक्ति केंद्र प्रमुख सम्मेलन में संबोधित कर रहे थे। इस दौरान शर्मा ने बूथ को किस प्रकार से मजबूत किया जाए इसी को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों से रूबरू करवा कर जीत का मंत्र दिया है। प्रदेश संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा ने कार्यकर्ताओं को बताया कि पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाया जाए और जो लोग सरकार द्वारा चलाई गई योजना से अभी तक वंचित हैं। उनको भी योजनाओं से जोड़कर लाभ दिलवाने का काम करें। भाजपा सरकार में वंचित वर्ग के हर आखिरी व्यक्ति को लाभ मिलना चाहिए। तभी हमारा सपना साकार होगा। आज पूरे प्रदेश का विकास समान तरीके से किया जा रहा है। इस मौके पर जिला प्रभारी दीपक शर्मा ने बताया कि बूथ को मजबूत करके हर कार्यकर्ता में जोश भरने का काम किया जा रहा है। बूथ स्तर का हर कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों को घर घर तक पहुंचाने का काम करें। इस अवसर जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, भाजपा नेता अजय सिंधु, जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, आजाद शर्मा, संजय खरब, जयबीर माजरा, नीलम जांगड़ा, कर्णपाल पेटवाड़, एडवोकेट दीपक लोहान, सरला नाड़ा, अफसाना कोथ, पप्पू सिसाय, अक्षय बाल्मीकि आदि मौजूद थे।



नारनौंद। गांव बास में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा।

---

# सीएम से मिलकर छात्राओं ने लगाई इंसाफ की गुहार, डीसी ने की कमेटी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

खुशी नर्सिंग कॉलेज मामले में जिला उपायुक्त ने एक कमेटी का गठन कर कॉलेज में जांच के लिए भेजा है। कमेटी सभी लड़कियों के बयान दर्ज कर रही है। पूरा मामला गोपनीय रखा जा रहा है। पीड़ित लड़कियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर भी कॉलेज की शिकायत कर इंसाफ की गुहार लगाई है।

कमेटी महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू के नेतृत्व में शुक्रवार को कॉलेज में पहुंची। जो छात्राएं मुख्यमंत्री से मिलने लिए गई हुई थी, उनके बयान दर्ज किए। खुशी नर्सिंग कॉलेज कागसर में छात्राओं ने कॉलेज की मैनेजमेंट पर सुविधाओं को लेकर आरोप लगाए थे कि उन्हें कॉलेज में कोई भी सुविधा नहीं दी जाती जबकि उनसे ज्यादा फीस ली जा रही है। कॉलेज में पढ़ाने के लिए अध्यापक भी नहीं है। खाने में कीड़े मिल चुके हैं। वहां पर शौचालय की सुविधा नहीं है और बेवजह से पार्टियों में छात्राओं को बुलाया जाता है।

#### सीएम ने दिया निष्पक्ष जांच का भरोसा

इन्हीं मांगों को लेकर छात्राओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर शिकायत की। कॉलेज की छात्राओं ने बताया कि वह प्रदेश के मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और शिक्षा मंत्री से मिली थी। उन्होंने आश्वासन दिया है कि मामले की निष्पक्ष तरीके से जांच की जाएगी। सीएम से मिलने पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करते हुए जिला उपायुक्त ने एक कमेटी का गठन किया और जांच के लिए कॉलेज में भेजा। कमेटी ने कॉलेज में मौजूद सभी छात्राओं से बातचीत कर उनके बयान दर्ज किए। छात्राओं कॉलेज की मैनेजमेंट पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कमेटी मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। कॉलेज की मैनेजमेंट के भी बयान दर्ज किए गए हैं।

---

# मेयर ने किया ओखला सॉलिड मैनेजमेंट प्लांट का अवलोकन

- प्लांट में कचरे के संग्रहण से लेकर प्रोसेस और ऊर्जा उत्पादन तक की पूरी प्रक्रिया को बारीकी से किया विचार विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। अवलोकन के लिए पहुंचे मेयर प्रवीण पोपली व अधिकारी।

शहर में ठोस कचरा प्रबंधन को आधुनिक और प्रभावी बनाने की दिशा में नगर निगम ने बड़ा कदम उठाया है। मेयर प्रवीण पोपली के नेतृत्व में नगर निगम के अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली के ओखला स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान मेयर प्रवीण पोपली, निगमायुक्त नीरज सहित सभी अधिकारियों ने प्लांट में कचरे के संग्रहण से लेकर प्रोसेस और ऊर्जा उत्पादन तक की पूरी प्रक्रिया को बारीकी से विचार विमर्श किया। मेयर प्रवीण पोपली ने निरीक्षण के बाद बताया कि ओखला प्लांट में रोजाना लगभग 2 हजार मीट्रिक टन ठोस कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान किया जा रहा है, जिससे करीब 50 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। यह प्लांट कचरे को ऊर्जा में बदलने का एक सफल उदाहरण है, इसी तर्ज पर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट स्थापित करने की हिसार में स्थापित सभांवना को तलाशा गया है।

#### कचरा प्रबंधन प्रणाली आजा की जरूरत

मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि तेजी से बढ़ती आबादी और शहरीकरण के कारण ठोस कचरे की मात्रा में लगातार बढोतरी हो रही है। घरों, बाजारों, उद्योगों, अस्पतालों और विभिन्न संस्थानों से निकलने वाला कचरा यदि सही ढंग से निपटान न किया जाए तो यह पर्यावरण प्रदूषण, बीमारियों और प्राकृतिक संसाधनों के नुकसान का कारण बनता है। ऐसे में आधुनिक ठोस कचरा प्रबंधन प्रणाली समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। ठोस कचरे को प्रोसेस करके आरडीएफ बनाया जाता है।

---



हिसार। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी स्कूल स्टाफ के साथ।

### होली चाइल्ड स्कूल के छात्रों ने क्विज़ में दिखाया दम

**हिसार।** होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रिपरेटरी विंग के विद्यार्थियों के लिए हरियाणा सामान्य ज्ञान क्विज़ प्रतियोगिता के फाइनल राउंड का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता में एलकेजी एवं यूकेजी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने कहा कि यह प्रतियोगिता तीन राउंड्स में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टीम हरियाणा नॉलेज चैंप्स के विदार्थ (एलकेजी) व शिवाय (यूकेजी), द्वितीय स्थान टीम हरियाणा हीरोज़ के केशव (यूकेजी), मोनू (एलकेजी) व लोकेश (यूकेजी) और तृतीय स्थान टीम हिसार हिटर्स–के कुणाल (यूकेजी), बानी (एलकेजी) व दर्श राय (यूकेजी) ने हासिल किया।

### हांसी को जिला बनाने पर जताया मुख्यमंत्री का आभार

**नारनौंद।** हांसी को जिला बनाने पर भाजपा नेता हेमंत शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताते हुए कहा कि पिछले काफी समय से क्षेत्र के लोगों की मांग थी कि हांसी को जिला बनाया जाए। इसको लेकर लोगों ने आंदोलन भी किया था। मुख्यमंत्री ने इस क्षेत्र के लोगों का मान रखते हुए जिला बनाने की घोषणा की। अब इस क्षेत्र के विकास को और ज्यादा पंख लग जाएंगे। आने वाले समय में ये जिला विकास की बुलंदियां छूने का काम करेगा। कुछ विपक्षी पार्टियों के लोग इसमें भी बुराई ढूंढने के काम में लगे हुए हैं। वो विकास में बाधा बनने का काम न करें। भाजपा नेता हेमन्त शर्मा ने भाजपा कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से मिलकर उनको बधाई दी।



नारनौंद। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन को गुलदस्ता भेंट करते पार्टी नेता हेमंत शर्मा।



हिसार। रजत पदक विजेता हरियाणा पॉवर स्पोर्ट्स ग्रुप की टीम।

### हरियाणा पॉवर स्पोर्ट्स ग्रुप की टीम ने जीता रजत

**हिसार।** अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मंडल के तत्वाधान में मध्य प्रदेश के जबलपुर में आयोजित अखिल भारतीय विद्युत हॉकी प्रतियोगिता में हरियाणा पॉवर स्पोर्ट्स ग्रुप की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त कर हरियाणा प्रदेश के साथ–साथ बिजली निगमों का भी नाम रोशन किया है। यह जानकारी देते हुए हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप के स्पोर्ट्स सेक्रेटरी व हॉकी टीम के गोलकीपर इंजिनियर सुनील वर्मा ने बताया कि जबलपुर में खेली गई इस तीन दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता में देशभर की विद्युत इकाइयों की बेहतरीन टीमों ने भाग लिया। कठिन मुकाबलों के बीच हरियाणा टीम ने अनुशासन, टीमवर्क और जुझारूपन का परिचय देते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। इस उपलब्धि पर हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप के जनरल सेक्रेटरी व बैडमिंटन कोच सुरेन्द्र कुमार ने हॉकी टीम के खिलाड़ियों को बधाई दी।

### शिकारपुर स्कूल के छात्रों ने देखी हरियाणा विस की कार्यवाही

**हिसार।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, शिकारपुर के 88 विद्यार्थियों और 10 अध्यापकों ने दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के दौरान वीरवार को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा विधानसभा की कार्यप्रणाली देखी और शीतकालीन सत्र की कार्यवाही को विस्तारपूर्वक जाना।

विद्यालय प्रधानाचार्य राजकुमार श्योराण ने बताया कि विधानसभा की कार्यवाही देखकर विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों व विधानसभा की कार्यप्रणाली को जानने का अवसर मिला। उसके उपरांत चंडीगढ़ के प्रमुख दर्शनीय स्थलों सुखना झील, नेकचंद रॉक गार्डन, जाकिर हुसैन रोज गार्डन, जापानी कला को दर्शाता गार्डन, म्यूजियम व आर्ट गैलरी का दौरा किया।

---

### विधायक ने विधान सभा में उठाए स्वास्थ्य व यातायात संबंधी मुद्दे

# निरंकारी भवन रोड पर दोनों रेलवे क्रोसिंग पर बनेंगे ब्रिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। निरंकारी भवन रोड पर महावीर कॉलोनी के पास तेल डिपो रेलवे फाटक।

विधायक सावित्री जिंदल ने हरियाणा विधानसभा में शहर से जुड़ी दो महत्वपूर्ण जनसमस्याओं को रखा। इनमें टीबी अस्पताल के नवीनीकरण व डाबड़ा चौक से निरंकारी भवन पर रेलवे क्रोसिंगों पर पुल बनाना प्रमुख है। विधायक सावित्री जिंदल ने सदन में कहा कि हिसार स्थित टीबी अस्पताल की बिल्डिंग पूरी तरह से जर्जर अवस्था में है, जिस कारण यहां कोई भी दुघर्टना होने की संभावना बनी रहती है। इसका नवीनीकरण लंबे समय से बहुत आवश्यक है, ताकि क्षेत्र की बढ़ती आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इस पर उन्होंने सरकार से निवेदन कर यह जानना चाहा कि टीबी अस्पताल के भवन का प्रस्ताव सरकार के विचारधीन है तो इसे प्राथमिका के आधार पर कब शुरू किया जाएगा।

#### रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की मांग

विधायक जिंदल ने डाबड़ा चौक से निरंकारी भवन रोड पर रेलवे फाटकों के बार-बार बंद होने से रोड जाम का मुद्दा भी सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र शहर के मध्य में स्थित है और यातायात के साधनों में निरंतर वृद्धि के कारण इस रोड़ से सैंकड़ों वाहन गुजरते हैं। जिस कारण यहाँ प्रतिदिन जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आमजन को भारी असुविधा होती है तथा दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। उन्होंनें ने सरकार से मांग की कि आमजन की सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए निरंकारी भवन रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंगों पर रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण को प्राथमिकता दी जाए और इसे समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाए। इस पर उत्तर देते हुए लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने आश्वस्त किया कि उक्त रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण के लिए शीघ्र एक समिति बनाई हुई है तथा आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ भी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि आगामी तीन माह के भीतर रेलवे विभाग से लगातार फॉलोअप कर आवश्यक मंजूरी प्राप्त कर ली जाएगी, ताकि परियोजना को आगे बढ़ाया जा सके।



सावित्री जिंदल, विधायक, हिसार।

### शतकवीर बनने पर सुभाष चंद्र नंदा को किया सम्मानित

**हिसार।** भारतीय जीवन बीमा निगम हिसार-2 में वित्तीय वर्ष में प्रथम शतकवीर बनने पर अभिकर्ता सुभाष चंद्र नंदा को सम्मानित किया गया। निगम के शाखा प्रबंधक जोगिंदर भोला ने उन्हें पगड़ी और फूलमाला पहनाकर उनके कार्य की सराहना की। सुभाष चंद्र नंदा विकास अधिकारी दीपक मलिक की टीम के टॉप अभिकर्ता हैं और उनके दिशानिर्देशन में कार्य कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर भारतीय जीवन बीमा निगम हिसार-2 में कार्यक्रम किया गया और सुभाष चंद्र नंदा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सह शाखा प्रबंधक विक्रम मित्रा, यशपाल मलिक, प्रशासनिक अधिकारी सज्जन पवार और अन्य सदस्यों ने सुभाष चंद्र नंदा के कार्य की सराहना की।



हिसार। सुभाष चंद्र नंदा को सम्मानित करते अधिकारी।